## कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छह आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपी पर दर्ज है अन्य अपराधिक रिकार्ड

# कुख्यात चोर गिरोह से 48 लाख से अधिक की मशरूका बरामद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कोतवाली पुलिस ने कुख्यात चोरी गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। कोतवाली पुलिस ने छह आरोपियों से 48 लाख से अधिक का मशरूका बरामद किया है। वहीं इस कार्रवाई में कोतवाली पुलिस टीम की अहम भूमिका रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला छिन्दवाडा के पृथक प्रथक थानो मे हो रही चोरी की घटना के संबंध मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अजय पांडे (आईपीएस) द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपराधी की धरपकड एवं नाकाबंदी कर तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य मे कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुये कुख्यात चोर गिरोह को पकड़कर उसके पास से जिले के अलग अलग थानो मे हुई चोरी की बारदातो मे चोरी गये संपत्ति लगभग 48 लाख से अधिक की कीमत के मशरूका बरामद कर गिरोह के 06 सदस्यो को गिरफ्तार किया गया है। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक- 08/11/2024 को प्रार्थी निलू पिता स्व. श्री चन्द्रभान समनकर उम्र 51 साल निवासी गली नम्बर 05 गुलाबरा थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक दिन पहले परिवार के दिन मे इतवारी बाजार दुकान गई थी साथ कार्यक्रम मे गई थी। 02 घण्टे बाद घर वापस आकर देखी तो घर के पिछे का दरवाजा खुला था एवं घर के अन्दर रखी आलमारी का लांक टुटा था आलमारी मे रखे लाखो रुपये के सोना, चांदी के जेवर, नगदी किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक- 741/24 धारा- 305ए, 331(4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय(आईपीएस)एवं अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता(आईपीएस) के मार्गदर्शन मे नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय राणा एवं थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर अपराध के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये थे।

इसी क्रम मे गठित पुलिस टिम के द्वारा लगातार घटना स्थल के आस पास लगे सी सी टी वी कैमरे को खँगाला गया एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपी की तलाश पतासाजी की गई पतासाजी दौरान विशेष टीम को इस बात का पता करने मे सफलता मिली की अज्ञात चोर गिरोह छिंदवाड़ा जिले एवं आसपास के जिले मे खासकर दिन मे चोरी करने के लिये सक्रिय है और गिरोह के मुख्य सदस्य चांदामेटा निवासी अंकित उर्फ भूत है जो कि चोरी करने मे माहिर है एवं काफी शातिर और तेज दिमाग का है। पुलिस टीम ने पतासाजी दौरान जानकारी जुटाई कि अंकित उर्फ भूत अपने साथियो के साथ मुंबई एवं गोवा तरफ घूम रहा है जो तकनीकी सहायता से ट्रेस कर अंकित उर्फ भूत एवं उसके अन्य दो साथियो को गोवा के एक बीच से पकड़ लिया गया जो संदेही अंकित उर्फ भूत बारीकी से पूछताछ की गई। पहले तो आरोपी के द्वारा पुलिस को गुमराह करते रहा कडाई से पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर प्लान के तहत अपने साथी आदित्य ठाकुर के साथ छिन्दवाडा जिला के कोतवाली थाना क्षेत्र के गुलाबरा मे ,हर्रई मे दो जगह ,अमरवाड़ा मे दो जगह,चौरई मे दो जगह,उमरेठ मे एक जगह एवं सिवनी जिला मे केवलारी,कान्हीवाड़ा क्षेत्रो मे दिन के समय चोरी करना स्वीकार किया। तथा चोरी मे प्राप्त माल को खपाने के लिए परासिया निवासी आकाश कहार की मुख्य भूमिका बताई गई।

पूछताछ मे अन्य आरोपी आदित्य ठाकुर, आकाश कहार द्वारा भी अपराध करना स्वीकार किये। तथा चोरी मे प्राप्त माल को योजनाबद्ध तरीके से अन्य साथी शुभम डहेरिया, ताहिर खान के साथ मिलकर आपस मे बांटकर कुछ माल व्यापारी अजय सोनी निवासी परासिया छिन्दवाडा को बेचना बताया। आरोपीगणो से प्रकरण मे चोरी हुआ मसरुका 430 ग्राम सोने के जेवर एवं 03 किलो चांदी के जेवर कुल कीमती लगभग 46 लाख रुपये एवं चोरी के पैसे से खरीदे हुये तीन आई-फोन मोबाईल कीमती 150000/- रुपये के एवं चोरी करने मे प्रयुक्त 220 पल्सर मोटर साईकल कीमती 01 लाख रुपये की जुमला मसरुका रकम 4850000/- रुपये का जप्त कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। घटना का तरीकाः- आरोपी अंकित उर्फ भूत के द्वारा दिन के समय रेकी कर अपने साथी आदित्य के साथ ताला लगे सूने मकान को चिन्हित कर ताला तोड़ कर चोरी करना और अन्य साथियो की मदद से चोरी के मशरूका को छिपाना एवं बेचना।

**अपराधिक घटनाऐः-** (1) थाना कोतवाली छिन्दवाडा के अपराध क्रमांक- 741/24 धारा- 305ए, 331(4) बीएनएस मे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रुपये चोरी करना। (2) थाना उमरेठ के अपराध क्रमांक- 311/2024 धारा- 305ए, 331(4) बीएनएस मे सोना चांदी के जेवरात चोरी करना। (3) थाना अमरवाडा के अपराध क्रमांक- 168/2025, धारा- 305ए, 331(4) बीएनएस मे सोना चांदी के जेवरात चोरी करना। (4) थाना अमरवाडा के अपराध क्रमांक- 211/2025, धारा- 305ए, 331(4) बीएनएस मे सोना चांदी के जेवरात चोरी करना ।(5) थाना हर्रई के अपराध क्रमांक- 49/2025, धारा- 305ए, 331(4) बीएनएस मे सोना चांदी के जेवरात चोरी करना। (6) थाना हर्रई के अपराध क्रमांक- 215/2025 धारा- 305ए, 331(4) बीएनएस मे सोना चांदी के जेवरात चोरी करना। (7) थाना चौरई के अपराध क्रमाक- 39/2025धारा- 305ए, 331(4) बीएनएस मे सोना चांदी के जेवरात चोरी करना।

### छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

अंकित उर्फ भूत पिता राजू डहेरिया उम्र 19 वर्ष निवासी चांदामेटा छिन्दवाडा
आदित्य उर्फ चीनू ठाकुर पिता राजू सिंह ठाकुर उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड नं. 01 परासिया जिला छिन्दवाडा
आकाश पिता अरविंद कहार उम्र 22 वर्ष निवासी रिंग टाकीज वार्ड नं. 02 परासिया जिला छिन्दवाडा
शुभम उर्फ आर्यमन पिता शिवकुमार डहेरिया उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नं. 04 न्यूटन चिखली परासिया जिला छिन्दवाडा
ताहिर पिता रशीद खान उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 01 ईडीसी परासिया जिला छिन्दवाडा
अजय पिता योगेन्द्र सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी न्यूटन थाना परासिया जिला छिन्दवाडा

**संगठित गिरोह के मुख्य सदस्यः-** अंकित डेहरिया उर्फ भूत ,आकाश कहार,आदित्य ठाकुर

**जब्त मशरूकाः** सोने के 430 ग्राम जेवर एवं 03 किलो चांदी के जेवर कुल कीमती 46 लाख रुपये के, चोरी के पैसे से खरीदे हुये तीन आई-फोन मोबाईल कीमती 150000/- रुपये के एवं चोरी करने मे प्रयुक्त 220 पल्सर मोटर साईकल कीमती 01 लाख रुपये की जुमला मसरुका रकम 48,50,000/- रुपये।

**अपराधिक रिकार्डः** आरोपी अंकित उर्फ भूत डहेरिया के विरुद्ध पूर्व के दो चोरी के अपराध दर्ज है। अन्य आरोपियो के विरुद्ध घटित अपराध की जानकारी जुटाई जा रही है।

**महत्वपूर्ण भूमिकाः** आरोपी को पकडने में निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी , निरीक्षक सत्येन्द्र बघेल (कंट्रोल रूम ), उनि. नारायण सिंह बघेल, सउनि ब्रिजेश रघुवंशी, सउनि अमित कुमार यादव , प्रआर. 824 युवराज रघुवंशी, आर. 219 विकास बैस ,आर0 901 सागर मर्सकोले, सायबर सेल से प्रआर. नितिन सिंह, आर. आदित्य रघुवंशी, आनंद तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## कलेक्टर के निर्देश पर चौरई क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आज जिले के विकासखंड चौरई क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला उपार्जन समिति के सभी सदस्य तथा एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा उपस्थित थे। अधिकारियों ने गेंहूँ उपार्जन केन्द्र रामगढ़, कुण्डा, गोपालपुर, कपूर्धा, मेघदोन, पचगाँव तथा चाँद का दौरा कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती गंगा कुमरे, डीएम नागरिक आपूर्ति निगम श्री एम.के. त्रिपाठी, जीएमसीसीबी श्री ए.के. जैन, एसडीओ कृषि श्री नीलकंठ पटवारी, जेएसओ श्री रवि मुकासी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉ.रामचंद्र कोठे को मिली पीएचडी की उपाधि

**सौसर।** निवासी डॉ.रामचंद्र नारायणजी कोठे को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल ने इन्हें पी.एच.डी. उपाधि प्रदान की।डॉ.रामचंद्र कोठे ने ₹मध्य प्रदेश के



पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की दशा एवं दिशा का राजनीतिक अध्ययन ₹ (छिंदवाड़ा जिले के विशेष संदर्भ में, )विषय राजनीति विज्ञान पर पी एच डी की उपाधि हासिल की गई , इन्होंने डॉ.श्री श्रीकांत दुबे प्रोफेसर शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदा पुरम मध्य प्रदेश के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण किया। श्री कोठे जी ने इसके अतिरिक्त एम. ए. लोक-प्रशासन, राजनीति विज्ञान, मराठी साहित्य, हिंदी साहित्य, इतिहास बी.एड. एवं एम. फिल. की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं।

## कार में ले जाई जा रही 9 पेटी अवैध शराब जब्त

### चौरई पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 88 हजार आंकी जा रही कीमत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई पुलिस ने रविवार को दोपहर लगभग 2 बजे एक कार से अवैध शराब जब्त की है। सूचना मिलने पर घेराबंदी कर कार की तालाशी की गई जिसमें 9 पेटी अंग्रेजी शराब मिली। पकड़ी गई शराब अन्य जिले क्षेत्र की दुकान से चौरई की ओर लाई जा रही थी। जिसकी सूचना पहले चौरई पुलिस को मिली लेकिन जब तक पुलिस उस कार को पकड़ती वह मौके से तेज रफ्तार में निकल चुकी थी।

चौरई थाना प्रभारी गणपत उइके के निर्देशन में सूचना मिलते ही अपने स्टाफ के साथ मुख्य सड़क सिवनी मूंगवानी रोड कपूरदा ग्राम के पास पुलिस बल लगाकर कार को रोका और उसकी तलाशी ली तो उसमें अवैध शराब भरी हुई थी। चौरई थाना अंतर्गत कपूरदा चौकी प्रभारी सावित्री बघेल ने बताया कि मारुती कंपनी की कार स्विप्ट डिजायर क्रमाक एच आर .. 06 Y 5545-में अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली थी। जिसे जब्त किया गया है। अवैध शराब भी जब्त की गई है। चालक सहित तीन लोगो को आरोपी बनाया गया है।

क्षेत्र में यह आरोपी काफी लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार कर रहा था आरोपी की गिरफ्तारी से और पूछताछ करने पर शराब दुकान के सेल्समैन और ठेकेदार का नाम सामने आने पर उन्हें भी प्रकरण में आरोपी बनाया जाएगा। पुलिस ने डिक्की में रखी 9 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करते मिलने पर कुल 80 लीटर अवैध शराब कीमत करीब 88000/- रुपये की एवं स्विफ्ट कार कीमत करीब 4,00,000 /- कुल जुमला राशि 4,88000रुपये की आरोपी विकास राजपूत निवासी चौरई के कब्जे से विधिवत जप्त कर कार में बैठे 2 फरार आरोपियों योगेश जैन पिता देवेंद्र जैन एवं मनीष डेहरिया के विरुद्ध धारा 34(2) , 42 आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस द्वारा अन्य साथियों की तलाश जारी है। गौरतलब हो कि आरोपियों की कार से तीनों आरोपियों योगेश जैन, मनीष डेहरिया, विकास राजपूत के प्रेस कार्ड एवं माइक आईडी पुलिस ने बरामद की है, वहीं कार में आदर्श न्यूज जिला ब्यूरो चीफ लिखा हुआ है।

पुलिस टीम में निरीक्षक गणपत उइके, एस आई सावित्री बघेल, ए एस आई शरद मालवी, सोहेल खान, प्रा. आरक्षक सचिन श्रीवात्री, आरक्षक क्रमशः जीतेन्द्र बघेल, विकास बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



## बाजार, बारात और रैलियों से चरमराता यातायात

### परासिया में रविवार, गुरूवार को लगता है साप्ताहिक बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया की यातायात व्यवस्था अक्सर बाजार के दिन , बारातों और रैलियों के चलते चरमरा जाती है। परासिया में यह समस्या आज कल की नहीं बल्कि लंबे समय से लोग अव्यवस्थित यातायात का दंश झेल रहे हैं। समय के साथ यह समस्या और बढ़ती जा रही है। इस समस्या के ठोस समाधान पर चर्चा तो होती है , पर समाधान नहीं ।परासिया में रविवार , गुरूवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इस दिन अक्सर परासिया - तामिया रोड पर स्थित रेलवे ब्रिज पर जाम लग जाता है। बीते रविवार को भी लंबा जाम लगा। जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई। करीब आधा घंटा पुलिस को व्यवस्था बहाल करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। अभी शादियों के अवसर हैं। अक्सर बारातें सड़क से होकर गुजरती हैं , जिसके चलते भी अक्सर सड़क पर जाम लग जाता है। यही हाल तब भी होता है , जब कोई रैलियां निकलती हैं। शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर कोई बेहतर योजना अब तक नहीं बनाई गई। सड़क का आधा हिस्सा आटो , बाईक , चौपहिया वाहनों , दुकानदारों के सामानों से भरा रहता है। पार्किंग की कोई खास व्यवस्था भी नहीं है। न ए व्यवसायिक काम्प्लेक्स धड़ाधड़ बन रहे हैं , पर उनमें भी पार्किंग को लेकर व्यवस्था नहीं बनती दिखाई देती। पार्किंग के लिए सड़क ही मुख्य सहारा है। ऐसे में सुगम यातायात व्यवस्था की उम्मीद करना बेमानी है।

## पंढरपुर निकली पालखी यात्रा का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम कोपरावाड़ी कला से पंढरपुर के लिए पालखी (पैदल वारी) का आयोजन किया गया,मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोवरावाडी कला से प्रतिवर्ष पंढरपुर के लिए भक्तों के द्वारा पालकी पैदलवारी का आयोजन किया जाता है, पंढरपुर जाते समय यह वारी ग्राम वाघोड़ा में पहुंची जहां पर जनपद पंचायत सदस्य जनार्दन टापरे के द्वारा पालकी का पूजन करते हुए यात्रा में चल रहे सभी भक्तों का स्वागत सत्कार किया,इस दौरान विधायक विजय चौरे प्रमुख रूप से उपस्थित थे, श्री चौरे ने कहा कि प्रतिवर्ष कोपरा वाली कल से पंढरपुर की ओर जाने वाली यह पालखी यात्रा सौसर क्षेत्र के साथ-साथ संपूर्ण मध्य प्रदेश महाराष्ट्र में धर्म एकता भाईचारा भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार कर रही है,पालकी यात्रा के दौरान जगह-जगह पर पालकी का स्वागत सत्कार होने के चलते क्षेत्र में भाईचारा बढेगा, इस दौरान पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## 35 वर्षीय व्यक्ति का हुआ स्वास्थ्य खराब, डायल-112/100 से पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

थाना जुन्नारदेव क्षेत्र में एक व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 04-05-2025 को रात्रि 02:24 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जुन्नारदेव थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।डायल-112/100 स्टाफ सैनिक मुन्ना लाल उइके तथा पायलेट सतीश नाग वंशी ने मौके पर पहुँचकर बताया कि वार्ड नंबर 13 निवासी 35 वर्षीय सनी विंसेंट मसीह का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने से उन्हें घबराहट हो रही थी। देर रात पीड़ति ने स्वयं डायल - 112/100 नंबर पर कॉल कर मदद मांगी। डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा पीड़ति व्यक्ति को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल जुन्नार देव पहुंचाया गया।

### भवन निर्माण जनजाति कार्य विभाग से होने की मिल रही जानकारी

## पेड़ काटने की अनुमति लेने के बजाए ठेकेदार ने जेसीबी से उखाड़े हरे-भरे पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में शासन के नियम कानून कायदे शायद कोई मायने नहीं रखते है इसके कई उदाहरण देखने मिल सकते हैं कि यहां पर विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कंस्ट्रक्शन कंपनी जो क्षेत्र में निर्माण कार्य का ठेका लेती है उनको विभाग के अधिकारियों को खुला संरक्षण मिलता है और वह कंसल्टेंसी के सहयोग से मनमाने तरीके से निर्माण कार्य में खुले भ्रष्टाचार के साथ घटिया निर्माण कर सरकारी धन की लूटपाट मचाये हुए हैं, वहीं उनके साथ जनप्रतिनिधि और.विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी हमेशा इनके साथ ही खड़े नजर आए हैं। उन्होंने आज तक किसी भी



निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार की कोई जांच नहीं की वही निर्माण एजेंसी एवं विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य की जानकारी देने वाला सूचना फलक लगवाने में भी उदासीन ही नजर आये है। ऐसा ही एक गंभीर मामला सामने आया है। मिडिल स्कूल परिसर में कोई बड़ा भवन निर्माण होना है। इसमें भी निर्माण कार्य की जानकारी देने वाला बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे निर्माण कार्य की लागत एवं उसकी समय सीमा विभाग की जानकारी नहीं मिल पा रही।

यहां पर रेत का अवैध भंडारण भी ठेकेदार द्वारा अपने निर्माण के स्थल पर किया जा रहा है, लेकिन ना तो राजस्व खनिज विभाग अब इन पर कोई कार्रवाई करने को तैयार है, लेकिन उससे भी गंभीर मामला देखने मिल रहा है कि निर्माण स्थल पर लेआउट तो दे दिया गया है। लेकिन इस लेआउट के बीच में हरे भरे सात नीलगिरी के पेड़ स्थापित हैं। इनको विधिवत कटवाने के बजाय ठेकेदार इन्हें मशीन से उखाड़ कर फेंक रहा है। इससे पता चलता है कि ठेकेदार कितने रसूखदार है कि पर्यावरण को हानि पहुंचाने की उनके द्वारा आखिर किसके दम पर हिम्मत की जा रही है। इस तरह प्राप्त जानकारी के अनुसार यूनिक इंफ्रास्ट्रक्चर मेसर्स का यह ठेका बतलाया जाता है। ठेका कंपनी को विधिवत हरे वृक्ष नियमानुसार विभाग को कटवाना था। इसके अलावा पर्यावरण के साथ-साथ वृक्षारोपण नियम का भी खुला उल्लंघन कर रहे हैं जबकि इन्हें ठेका मिला है तो निश्चित ही इन पेड़ों को विधिवत काटने की अनुमति भी संबंधित विभाग के माध्यम से मिलेगी। लेकिन ठेका कंपनी जल्दबाजी एवं रसूख के दम पर सारे नियम कानून को दरकिनार कर पेड़ को काटने के बजाय जेसीबी मशीन में से उखाड़ कर नदी में फेंक रहे ठेका कंपनी को किसी भी नियम कानून के साथ अधिकारियों का भय नहीं है। बस इसी कारण वो नियम कानून को वलाय ताक पर रखकर मनमानी करने पर उतारू है। अब देखना यह है कि पेड़ काटे जाने के नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही होगी या फिर कार्रवाई करने वाले अधिकारी ठेकेदार के रसूख के सामने अपने आप को असहाय। साबित कर हरे भरे पेड़ों को काटने देंगे, यह तो कार्रवाई के बाद ही पता चल सकेगा की प्रशासन सक्षम है या ठेका कंपनी के आगे प्रशासन बौना है।

वार्डवासियों को गंदगी से मिलेगी राहत, परिषद में यह मुद्दा जोरशोर से उठाया था

# तीन पार्षदों की चेतावनी के बाद शुरू हुआ नालों की सफाई का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



वार्ड नंबर 11 के पार्षद श्री पवन सूर्यवंशी, वार्ड नंबर 10 के पार्षद श्री अनुज पाटकर, तथा वार्ड नंबर 9 के पार्षद श्री आशीष जायसवाल ने संयुक्त रूप से नगर पालिका प्रशासन को चेतावनी दी थी कि यदि 2 दिनों के भीतर वार्ड क्रमांक 9, 10 और 11 में नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे स्वयं वार्डवासियों के साथ नाले में उतरकर सफाई करेंगे।ज्ञात हो कि पिछले वर्ष मानसून के दौरान नालों की सफाई न होने के कारण नालों की पुलिया कचरे से जाम हो गई थी, जिससे भारी जलभराव हुआ और नाले का पानी नागरिकों के घरों में घुस गया। इससे लोगों की गृहस्थी को काफी नुकसान हुआ था और आमजन को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा था।इस वर्ष संभावित समस्याओं से पहले ही निपटने के उद्देश्य से तीनों पार्षदों द्वारा नगर पालिका प्रशासन को पूर्व में चेतावनी दी गई थी। पार्षद पवन सूर्यवंशी ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री साक्षी बाजपेई ने इस चेतावनी को गंभीरता से लिया और आज वार्ड नंबर 11 में जेसीबी मशीन की मदद से नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ कराया गया।पार्षद श्री सूर्यवंशी ने यह भी बताया कि पूर्व में उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को लिखित रूप से अवगत कराया था कि नाले के निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं एवं भ्रष्टाचार हुआ है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। इसके कारण हर वर्ष बारिश में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने परिषद की बैठकों में इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया था और जांच की माँग की थी। नगर पालिका प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।अंत में पार्षद श्री पवन सूर्यवंशी ने वार्ड नंबर 11 की जनता की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री साक्षी बाजपेई का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने समय रहते कार्यवाही कर नाले की सफाई प्रारंभ कराई।

## पूर्व राज्यपाल से अनुष्का एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

छिंदवाड़ा भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार में महिलाओं को 33% भागीदारी हर क्षेत्र में दिए जाने का प्रावधान किया गया है और सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए संचालित की जा रही है महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न आयोग का भी गठन किया गया है फिर भी मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले को अछूता रखा गया है विगत 12 वर्षों से महिलाओं के लिए कोयलांचल क्षेत्र में लगातार संघर्ष करते हुए कार्यरत संस्था अनुष्का एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी कार्य कर रही है शासन प्रशासन से कोई अनुदान नहीं लिया जा रहा है महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के सहयोग से लगातार महिलाओं को हो रही परेशानियों और उत्पीड़न से निजात दिलाया जाकर कानूनी रूप से सक्षम किया जा रहा है शौर्य दल का गठन और कई पारिवारिक समझौता भी किया गया जिसे विभिन्न संस्थाओं ने और प्रशासनिक अधिकारीयों सहित जनप्रतिनिधियों ने सम्मानित किया है जिले के संवेदनशील कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व नवाचार कार्य में लगातार प्रयास किया जा रहे हैं और छिंदवाड़ा जिले की बेटी पूरे देश में अपना परचम फहराने वाली पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष सहित राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पूर्व राज्यसभा सांसद छत्तीसगढ़ मणिपुर की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनसुईया उईके से अनुष्का एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष जीतिका विश्वकर्मा ने महिलाओं एवं बच्चियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए उनके समक्ष रखकर निवेदन किया कि छिंदवाड़ा भौगोलिक क्षेत्र से बहुत बड़ा जिला है और छिंदवाड़ा का नाम पूरे देश में गूंजायमन है उसके बावजूद भी छिंदवाड़ा में बालिका सुधार गृह नहीं है।

## चयनित खिलाड़ियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला बैडमिंटन संघ छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतिभा खोज का आयोजन स्थानीय ओलंपिक बैडमिंटन स्टेडियम मे किया गया जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया उल्लेखनीय है कि बैटमिंटन प्रतिभा खोज चयन स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल स्तर में सुधार कर उनको आगामी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। आयोजन समिति द्वारा विजेता ओर उपविजेता खिलाड़ी को पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया। बालिका व बालक वर्ग के 90 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया । खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ,अभिषेक पाटनी, रिजवान क़ुरैशी, अनिल जैन,श्रीमती मीताल जुनेजा,कुमारी रिद्धी नाहर, श्रीमती रुचि भांडुरिया ,अज़हर खान ,राकेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## सुन्दरकाण्ड का महापाठ, भक्तिमय हुआ शहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है और ग्रुप द्वारा सुंदरकांड के साथ साथ राम नाप जाप धुन प्रभात फेरी द्वारा भी लोगो को धर्म से जोडा जाता है साथ ही ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है ।इसी क्रम में ग्रुप द्वारा श्री वीरेंद्र बबलू वंदेवार जी के निजनिवास में नागेश्वर शिव मंदिर के पास,नई आबादी, खापाभाट,छिंदवाड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का महापाठ किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,प्रदीप भारती,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,रिंकू ढोलक मास्टर,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,पप्पू वंदेवार,बलराम भहैया,दुर्गेश चंदेल, गौरव-सौरव मर्सकोले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,राहुल निर्मलकर, दिवाकर मालवीय,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,चंचलेश मालवीय,बलराम वंदेवार,नरेश वंशकार,एवं समस्त वंदेवार परिवार सहित सभी वार्ड वासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षों से धर्म का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है।



## जयंत चरडे बने गायत्री मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी

**पांढुर्ना।** कल 3 मई को गायत्री मंदिर ट्रस्ट पांढुर्ना में संपन्न हुई बैठक के उपरांत के जयंत केशवराव चरडे को प्रमुख ट्रस्टी का पदभार सौपा गया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार और मध्यप्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में दिनेश पटेल गायत्री शक्तिपीठ प्रकोष्ठ शांतिकुंज हरिद्वार, दीपचंद मालवीय मध्यप्रदेश झोन प्रभारी शांतिकुंज हरिद्वार, रामदास रघुवंशी दक्षिण झोन प्रभारी शांतिकुंज हरिद्वार, आर.के. गुप्ताजी शक्तिपीठ प्रकोष्ठ प्रभारी भोपाल तथा दिनेश देशमुख उपझोन प्रभारी छिंदवाड़ा मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## निशुल्क मिल रहा है कराटे का प्रशिक्षण



**पांढुर्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से यहां निशुल्क ग्रीष्म कालीन कराटे खेल प्रशिक्षण शिविर जारी है। यह प्रशिक्षणनगर पालिका के पीछे इंदिरा मंगल भवन मे दिया जा रहा है। शिविर में पांढुर्ना कराटे अकेडमी के संचालक प्रवीण वाघमारे द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का समय शाम 6 से 8 बजे तक है जिसमे अभी 40 से 50 छात्र छात्राये प्रशिक्षण ले रहे है।

## वारासिवनी उपजेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** वारासिवनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वारा में स्थित उप जेल में शनिवार को कैदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जेल में बंद कैदियों का डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान उपजेल अधीक्षक अभय वर्मा, तहसील विधिक सेवा समिति के पैनल अधिवक्ता अभिजीत शुक्ला, श्रीमती अनामिका शुक्ला आदि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में चिकित्सकों की टीम ने एक-एक कर कैदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और जरूरी होने पर उनका आवश्यक उपचार कर दवाईयॉ लिखी। इस दौरान कैदियों ने ब्लड प्रेशर, आंखों की समस्या, पेट की समस्या सहित अन्य समस्याओं के बारे में चिकित्सकों को बताया। जिसके बाद चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाई व गोलियां उपलब्ध कराई।

## स्ट्रीट लाईट व हाईमास्क के बल्ब खराब होने पर सुधारने के आयेगा काम

### स्काय लिफ्ट वाहन का किया गया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर की चारों दिशाओं में लगे हुए स्ट्रीट लाईट व हाईमास्क के बल्बों के खराब होने पर उन्हें सुधारने व बदलने में होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका परिषद द्वारा 25 लाख रुपये की स्काय लिफ्ट वाहन की खरीदी की गई हैं। इस वाहन का लोकार्पण नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, सीएमओ दिशा डेहरिया व पार्षदों की उपस्थिति में पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, पार्षदगण संदीप मिश्रा, मोनू लिमजे, धरमू जोशी सहित अन्य लोगों ने वाहन की पूजा अर्चना की।

इस मौके पर लोक निर्माण व विद्युत यांत्रिकी विभाग के पूर्व सभापति संदीप मिश्रा ने बताया कि नगर में लगे हुए विद्युत खंबों के बल्बों के खराब होने पर उन्हें सुधारने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसीलिए परिषद ने निर्णय लेकर स्काय लिफ्ट वाहन खरीदने का फैसला लिया था और आज वह वाहन नगरपालिका में पहुँच गया है। जिससे अब नगर के बिजली खंबों के विद्युत संधारण में नगरपालिका को सुविधा होगी।

नगरपालिका मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डेहरिया ने इस मौके पर कहा कि नगर के कई स्थानों पर लगे हुए बिजली खंबों के बल्ब खराब हो जाने से उस क्षेत्र में अंधेरे का साम्राज्य छा जाता हैं। जिससे नागरिकों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। जिसके लिए परिषद ने एक अच्छा निर्णय लेकर स्काय लिफ्ट वाहन की खरीदी की हैं। जिससे अब हमें आकस्मिक रुप से स्ट्रीट लाईट व हाईमास्क के बिगडने पर उसे सुधारने में आसानी होगी। जिससे नागरिकों को भी सुविधा मिलेगी।

## बेलगांव में ब्लॉक रिसोर्स सेंटर कार्यालय का हुआ शुभारंभ

### खेती के विषय मे विस्तार से हुई चर्चा,आजीविका मिशन द्वारा जैविक खेती के विषय मे विस्तार से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड लांजी अंतर्गत आईएफएससी परियोजना के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत सराय एवं ग्राम पंचायत बेलगांव में ब्लॉक रिसोर्स सेंटर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम सर्रा सरपंच द्वारा फीता काट कर कार्यालय का शुभारभ किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों व समूह की दीदियों को महिलाओ को समूह मे जोड़ने की अपील की गई। इसी तरह ग्राम पंचायत बेलगांव मे ग्राम पंचायत दीदी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही संसाधन केंद्र के विषय मे विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। विकास खंड प्रबंधक आजीविका मिशन लाँजी द्वारा जैविक खेती के विषय मे विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि उत्पादों का उपयोग करके रासायनिक दवाओं से बचा जा सकता है। जैविक खेती एवं दवाओं से फसलो मे बीमारी कम होगी जिससे शुद्ध पैदावार अधिक होगी और कृषक बीमारियों से बचेंगे। कार्यक्रम में होलेश पाँचे, निर्भया संकुल स्तरीय संगठन से अध्यक्ष ममता दानद्रे सचिव अख्तरि शेख,कोश अध्यक्ष सुभद्रा कोठारे, पोषण सखी द्रौपदी धारणे, प्रदान संस्था से रुकमणि पाँचे एवं आईएफसी की सीआरपी एवं समस्त सीनियर सीआरपी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत समूह से जुड़े सदस्य के द्वारा जैविक संसाधन को संचालित किया जाएगा। संसाधन केंद्र में उपलब्ध जैविक उत्पाद जैसे वार्मिक कंपोस्ट जीवामृत ब्रह्मास्त्र वर्मी कंपोस्ट केंचुआ खाद गोबर की खाद जैसे विभिन्न जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा। जिससे की आगामी समय में कीटनाशक दवाइयों से फसल मे किट् नही लगेंगे, नुक्सान नही होगा और फसल की पैदावार बढ़ेगी। इस दौरान बताया कि आज कल रासायनिक खाद से मानव जीवन कष्ट् मय हो गया है। सब्जी और अन्न के माध्यम से जहर मानव शरीर मे प्रवेश कर रहा है। जिससे अनेक प्रकार की बीमारिया हो रही है। आईएफसी सीआरपी के साथ समूह सदस्यों द्वारा दवा बनकर फसल मे छोड्का० किया जाएगा और मानव और पशुओ को जहर मुक्त किया जाएगा।

रोजी-रोजी का संकट, विस्थापन की कर रहे मांग

# अतिक्रमण की कार्रवाई से प्रभावित हुए दुकानदार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर के बड़े तालाब का जीर्णोद्धार होना प्रस्तावित है. इस जीर्णोद्धार से पहले तालाब की सीमा पर चिन्हित किए गए स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई 03 मई की शाम 04 बजे से शुरू हो चुकी है. रविवार को यह कार्रवाई बंद रही और सोमवार को फिर से शुरू होनी है. शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जैन मंदिर के पास से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की शुरूआत की यहां अतिक्रमण ध्वस्त करने के बाद मुख्य सड़क मार्ग के किनारे तालाब की सीमा पर अस्थाई दुकान हटाने की कार्रवाई शुरू होनी थी लेकिन कार्रवाई से ठीक पहले ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों ने प्रशासनिक कार्रवाई में सहयोग प्रदान करते हुए स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लिया. अतिक्रमण की इस कार्रवाई से प्रभावित सभी दुकानदारों ने रविवार को बताया कि इस कार्रवाई के बाद उनके सामने रोजी-रोटी का संकट मंडरा रहा है. वह बेरोजगार हो गए है और अगर लंबे समय तक यहीं इन प्रभावित लोगों का कहना है कि उन्हें विस्थापित कर दुकान संचालित करने के लिए अन्य स्थान दिया जाए ताकि वह अपना रोजगार कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें. दुकानदारों के विस्थापन के संबंध में जब प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश धानेश्वर से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने उपयंत्री से चर्चा करने के बाद स्थल चयन कर दुकानदारों को विस्थापित करने की बात कहीं है।

**विधायक ने व्यवस्था बनाने का दिया था भरोसा:** अतिक्रमण की कार्रवाई से प्रभावित दुकानदारों ने बताया कि बीते दिनों विधायक गौरव सिंह पारधी ने उन्हें यह आश्वासन दिया था कि दुकानों को हटाने से पहले दुकानदारों को व्यवस्थित किया जाएगा लेकिन अब अचानक से ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी गई जिससे यह सभी बेरोजगार हो गए. 35 वर्षों से तालाब की पार पर टीन शेड के नीचे वेल्डिंग वर्कशॉप की दुकान लगाकर अपने परिवार को पेट पालने वाले हामिद शेख बताते है कि उन्हें कहा गया था कि कार्रवाई से पहले रोजी-रोटी कमाने के लिए कहीं जगह प्रदान करेंगे किंतु स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लेने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और ना ही फिर से दुकान शुरू करने के लिए कोई स्थान दिया गया है. 01 मई को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया और 03 मई की शाम को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई. यह दास्तान अकेले हामिद शेख की नहीं है.।

बांस-बल्ली और त्रिपाल लगाकर चाय दुकान चलाने वाले तेजलाल डोहरे की भी है वह बताते है कि दुकान टूट जाने के बाद अब कोई साधन नहीं बचा है. इसी दुकान के जरिए पूरा परिवार पलता था. वह बताते है कि एक बार विधायक उनकी दुकान आए थे तब उनके सामने अतिक्रमण की कार्रवाई के बाद दुकानदारों के लिए क्या व्यवस्था बनाई जाएगी यह सवाल किया गया था तब विधायक ने दुकानदारों की व्यवस्था बनाने का भरोसा दिया था. पान दुकान चलाने वाले शेख रफीक कहते है उनका 16 लोगों का परिवार है पान ठेले के भरोसे ही वह परिवार का पालन पोषण कर रहे थे अब दुकान हट गई है तो परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है. अब तो यह स्थिति है कि स्वयं जहर खा लूं और परिवार को भी जहर दे दूं. मोहम्मद अली की कुछ वर्ष पहले ही शादी हुई है. वह तालाब की सीमा क्षेत्र में वेल्डिंग की दुकान चलाते थे परिवार में 06 सदस्य है. दुकान के भरोसे ही सबका पेट पल रहा था अब दुकान टूट गई है तो मोहम्मद बेरोजगार हो गए है. मोहम्मद के अलावा उनका परिवार दुकान के हटाए जाने से गहरे सदमे में है. यहीं हाल अन्य दुकानदारों का भी है जिन्होंने प्रशासन को अतिक्रमण की कार्रवाई में सहयोग करते हुए अतिक्रमण हटाया है।

### इनका कहना है

जिन दुकानदारों ने तालाब की सीमा में बने अतिक्रमण को हटाया है. उपयंत्री राजेश चौकसे से चर्चा कर ऐसे दुकानदारों को विस्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

*दिनेश धानेश्वर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी*

## नरवाई (पैरा)जलाने की घटना को लेकर कृषि विभाग ने लांजी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज लाँजी।



पर्यावरण और जमीन की उत्पादन क्षमता को प्रभावित करने वाली नरवाई (पराली) जलाने की विसंगति पर अंकुश लगाने पहली बार बड़ा फैसला लिया गया है।जिले के इतिहास में पहली बार नरवाई जलाने के मामले में पुलिस ने एफआइआर की है। मामला लांजी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम काशीटोला में 26 अप्रैल को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा खेत में रखी धान की पराली (पैरा)जला दी गई थी।इस घटना के संबंध में ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी अमित नारनौरे ने बताया कि बालाघाट कलेक्टर महोदय के आदेश उल्लंघन हुआ है। वही श्री नारनौरे ने बताया कि हमारे द्वारा पटवारी के साथ उक्त भूमि का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि भूमि खसरा नंबर 19/7 पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धान की पलारी (पैरा)जलाई गई है एवं स्थल निरीक्षण में पाया गया कि रकबा 10/6, 10/16 रकबा क्रमशः 0.991,0.688 भूमि जो कि कृषक सुशीला बाई पति देवसिंह जाति गोंड निवासी काशीटोला के नाम से दर्ज है जिसमें रकबा 10/6,10/16 मैं से रकबा 0.514 है सरस्वती बाई पति पंचम जाति गोंड़ निवासी लांजी को बिक्री की गई है। किंतु नामांतरण नहीं होने से विक्रेता सुशीला बाई के नाम पर ही भूमि दर्ज है।सरस्वती बाई द्वारा जिस भूमि को क्राय की गई है उसे अधियादार कृष्ण सातपुते पिता तुलसीराम जाति तेली निवासी सुंदरटोला लांजी द्वारा कमाया जाता रहा है। मौका स्थल पर निरीक्षण के दौरान सरस्वती बाई एवं उनके अधियादार कृष्ण सातपुते उपस्थित हुए जिनसे पूछताछ की गई वहीं कृष्ण सातपुते द्वारा बताया गया कि नवंबर 2024 में धान फसल लगाये जाने के बाद रबी की फसल नहीं लगाई गई है खेत में खरीफ फसल का धान का पैरा रखा हुआ था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग के हवाले कर दिया गया है! वही कृष्ण सातपुते ने बताया कि मैं जब मौके स्थल पर पहुंचा तो खेत में रखा पैरा मेड की सूखी हुई घास एवं सूखे पत्ते जलाए जाने की खबर सामने आई उक्त घटना में किसी प्रकार की पशु हानि एवं जनहानि नहीं हुई है! इस शिकायत पर लांजी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है!

## खबर संक्षेप

### आचार्य शंकर का जीवन समाज कार्य की प्रेरणा देता है - संजय तिवारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। आद्य शंकराचार्य जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद 04 मई 2025 को व्याख्यान कार्यक्रम संजय तिवारी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिगुरु शंकराचार्य के चित्र पर पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर सौरभ शुक्ला जिला समन्वयक द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा रखी गई, इसके पश्चात मुख्य अतिथि संजय तिवारी ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सांस्कृतिक एकता के लिए वातावरण निर्माण का कार्य आदिगुरु शंकराचार्य जी ने किया। आचार्य शंकर ने सभी वेदों के भाष्य लिखकर उनका सरलीकरण कर समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। अद्वैतवाद के सिद्धांत के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य जी ने उपनिषदों और ब्रह्मसूत्र की व्याख्या करते हुए अद्वैत वेदांत दर्शन की स्थापना की, जो सभी प्राणियों की आत्मा की ब्रह्म से एकता पर बल देता है। आदि शंकराचार्य के योगदान ने भारतीय संस्कृति, धर्म और दर्शन को आकार दिया है।

# बाघ के पंजे एवं तीन केनाईन दांत ले जाने वाले आरोपी पकड़ाये

**पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी अंतर्गत रूखड़ बफर परिक्षेत्र की पूर्व कुरई बीट में दिनांक 26.04.2025 को गश्ती दल को एक मृत बाघ का शव प्राप्त हुआ था जिसका वरिष्ठ वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी के दल द्वारा शव परीक्षण किये जाने पर उसके चारो पंजे एवं तीन केनाईन दांत शव से अज्ञात आरोपियों द्वारा काटा जाना पाया गया था।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।





चिकित्सक दल द्वारा यह भी परीक्षण में अवगत कराया गया था कि संभवतः बाघ की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से होने के पश्चात कुछ आरोपियों द्वारा मृत बाघ के शरीर से बाद में इन अवयवों को काट कर अलग किया गया है।

रूखड़ बफर परिक्षेत्र अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आरोपी की सघनता से तलाश की जा रही थी एवं इस बावत क्षेत्र सचालक पेंच टाइगर रिजर्व द्वारा गोपनीय सूचना देने वाले को राशि दस हजार रूपये पुरस्कार देने की भी घोषणा की गयी थी।

इसी क्रम मे रूखड बफर परिक्षेत्र अधिकारी शुभम बड़ोनिया के नेतृत्व में गठित दल को आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है एवं मृत बाघ के शरीर से काटे गये अवयवों की भी जप्ती की गयी है।

प्रकरण में 5 आरोपियों क्रमशः झाम सिंह पिता सिमत लाल कुमरे, राज कुमार पिता मनने लाल भलावी, छवि लाल, पिता झाड़ू लाल मसराम, रत्नेश पिता विपत लाल परते, मनीष पिता शिव प्रसाद उइके, (सभी निवासी ग्राम सावंगी) गिरफ्तार किये गये हैं, इन्हें दिनांक 03.05.2025 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर फारेस्ट रिमांड में लिया गया है। प्रकरण से संबंधित विवेचना में और भी तथ्य प्रकाश में आने की संभावना है।

### इधर फिर मिला 7 माह का मृत बाघ शावक



पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत कर्माझिरी परिक्षेत्र के बायसन बीट के कक्ष क्र. 587, कत्थाभट्टी नाला में दिनांक 03.05.2025 को प्रातः 6.50 ए.एम. बजे हाथी गश्ती टीम द्वारा गश्ती के दौरान एक मृत बाघ शावक अनुमानित आयु 07 माह देखा गया, जिसकी सूचना गश्ती टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में घटना स्थल को सुरक्षित किया गया एवं डॉग स्वॉ लड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। आस-पास में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नही पाई गई। मृत बाघ शावक के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। तत्पश्चात एन.टी.सी.ए. की निर्धारित एस0 ओ0 पी0 के अनुसार डॉ. अखिलेश मिश्रा प्रवर श्रेणी वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शव परीक्षण एवं आगामी वैज्ञानिक अन्वेषण हेतु सैम्पल एकत्रित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बाघ शावक के शव को जलाकर भस्मीकरण की कार्यवाही की गई।

# दो बाइको की आपस मे भिड़ंत,3 लोग घायल, 2 मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर

## जमोडी ग्राम के समीप हुआ हादसा

**जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जमोडी ग्राम के समीप आज सुबह 9 बजे एक सड़क हादसा हो गया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जहां दो बाइको की आपस मे भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हो गए। जिनमे से 2 लोगो को मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार एक बाइक में 2 लोग सवार होकर घंसौर जा रहे थे और दूसरी बाइक में एक व्यक्ति घंसौर से अपने घर जा रहा था जब वह जमोडी ग्राम के पास पहुंचे तो दोनों बाइक आपस मे टकरा गई।इस दुर्घटना में बाइक सवार 3 लोग गंभीर घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्षियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी जिसके बाद घायल को एम्बुलेंस चालक मनीष रैकवार व लोगो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार बाद डॉक्टर ने 2 की स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगो का व वाहनों का आना जाना अधिक होता है।यदि घटना के समय लोग मौजूद होते या वाहन आते जाते होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया का कहना है कि सूचना मिली थी कि बाइको की भिड़ंत में 3 लोगो घायल हुए हैं फिलहाल जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगो से अपील कर रही है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं। बाबजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं।

# जिला जेल में स्वास्थ्य शिविरः उच्च न्यायालय की पहल





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देश पर बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ । उक्त स्वास्थ्य शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंन्द्र राय द्वारा प्रातः 09.30 बजे दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभकिया गया तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि नायक द्वारा बंदियों के लिये आयोजित स्वास्थ्य शिविर के संबंध में बंदियों से चर्चा की गई।

जिला चिकित्सालय सिवनी एवं मेडिकल कॉलेज सिवनी के विशेषज्ञ मेडिकल आफिसर तथा जिला अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा 16 महिला बंदी 02 बच्चे एवं 86 पुरुष बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि नायक द्वारा सभी मेडिकल आफिसर एवं पैरामेडिकल स्टाफ का जेल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया संपूर्ण कार्यक्रम में सिद्वार्थ शुक्ला जेलर अजय सिंह वर्मा, जेल मेडिकल आफिसर डॉ. शुभम शिवहरे तथा समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

### इनका कहना है

जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन न केवल संवैधानिक अधिकारों का पालन करता है, बल्कि यह मानवता की भी मिसाल पेश करता है। यह पहल दर्शाती है कि हमारे देश में हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो, स्वास्थ्य सेवाओं का हकदार है और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी देखभाल करें।

अजय सिंह वर्मा जेल अधीक्षक सिवनी

# नगर पालिका द्वारा मनाया गया नगर गौरव दिवस कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आदि गुरू शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका सिवनी द्वारा नगर गौरव दिवस (सिटी-डे) कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवारी चौक सिवनी में किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धर्मसभा में जिलें के समस्त जनप्रतिनिधियों सहित निकाय के अधिकारी/कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी।

सर्वप्रथम परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर से पधारे ब्रम्हचारी ब्रम्हा विद्यानंद जी महाराज द्वारा नगर के मठ मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ एवं आदि गुरु शंकराचार्य जी की मूर्ति का विधि विधान से पूजन-अर्चन किया। तदोपरांत नगर के शुक्रवारी चौक में आयोजित कार्यक्रम में महाराज श्री पधारें एवं सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा महाराजश्री का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया एवं महाराज श्री से आर्शीवाद प्राप्त किया।

इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारें सभी अतिथियों सर्वश्री सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी, नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान, पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर, महासचिव म.प्र. कांग्रेस कमेटी राजा बघेल, पीजी कालेज जनभागिदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, नगरपालिका के सभापति चंदन खताबिया, राहुल बघेल, श्रीमति आकांक्षा शीबू सेंगर, पार्षद श्रीमति मालती बाबा पांडे, श्रीमति अनुसुईया अनिल पटवा, श्रीमति रामकुमारी बरमैया, राजेश राजू यादव, संजय भलावी, जोहेब जकी अनवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अभिषेक दुबे, शीबू सेंगर, संतोष नगपुरे, नरेन्द्र गुड्डू ठाकुर, रिषभ चौरसिया, संदेश बास्सा का स्वागत न.पा. सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले एवं उपयंत्री संतोष तिवारी, वंदना मरकाम, बिन्देवश्वरी पंन्द्रे, सिटी मिशन मैनेजर भीमराव बंसोड, लेखाधिकारी के.के. तिवारी, कार्यालय अधीक्षक हरीश पराते, लिपिक मुकेश चौहान द्वारा पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा नगर गौरव दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उद्बोधन दिया गया उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि 02 मई का दिन सिवनी नगर वासियों के लिये ऐतिहासिक गौरवषाली दिन है ''आदि गुरू शंकराचार्य जी'' के अवतरण दिवस के अवसर पर हमारे शहर में नगर गौरव दिवस मनाया जा रहा है। आदि गुरू शंकराचार्य जी जो कि हिंदू धर्म के महान प्रतिनिधियों में से एक हैं जिन्होने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारत के चार मठों की स्थापना की थी नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हम सब मिलकर नगर गौरव दिवस (सिटी-डे) मना रहें है।

आपने कहा कि हम बहुत ही सौभाग्यशाली है सिवनी नगर की इस पावनधरा जो कि 02 मठो के पीठाधीश्वर ब्रम्हलीन अनंत श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारकापीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की जन्म स्थली है। हमारे नगर को शिव की नगरी भी कहा जाता है जहां पर मठ मंदिर में साक्षात भगवान भोलेनाथ विराजमान है और हमें आज परमपूज्य जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के वरिष्ठ शिष्य ब्रम्हचारी ब्रम्ह विद्यानन्द जी महाराज परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर के मुखारविंद से भारत की सनातन संस्कृति के बारें में उनके आर्शीवचन को सुनने का सौभाग्य मिलेगा इसके पश्चात पंडित अजीत तिवारी के वैदिक मंत्रोचार के ब्रम्हचारी ब्रम्ह विद्यानन्द जी महाराज परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर द्वारा धर्म सभा को सम्बोधित किया गया। जिसें उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों नगर पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या मे पधारें भक्तजनों ने सुना एवं धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

# सीएम राइस स्कूल का नाम सांदिपनी विद्यालय मे परिवर्तित

हरिभूमि न्यूज केवलारी।



प्रमोद सिंह उपसचिव स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के हस्ताक्षर से जारी पत्र क्रमांक 510/472 718 /2025/ 20-02 दिनांक 29 /4/ 2025 के अनुसार 29 अप्रैल 2025 के बाद से मध्यप्रदेश के समस्त सीएम राइज स्कूल का नाम परिवर्तित कर सांदीपनी विद्यालय किया गया है। दिनांक 30 अप्रैल 2025 से मध्यप्रदेश के सभी सीएम राइज स्कूल को सांदीपनी विद्यालय के नाम से जाना जाएगा।सर्व विदित है विगत दिनों नवीन सत्र 2025-26 स्कूल चलो अभियान के कार्यक्रम मे डा मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन ने सीएम राइज विद्यालय के नाम पर असहमति दर्शाते हुये भगवान श्री कृष्ण जी के गुरु ऋषि संदीपनि के नाम पर सांदीपनी विद्यालय नामकरण की घोषणा की थी। जिसका विधिवत शुभ मुर्हत ओर तिथि पर नामकरण उद्घोषित किया गया ।

मध्यप्रदेश के समस्त सीएम राइज स्कुल के नाम को परिवर्तित कर सांदीपनी विद्यालय किया गया है।यदि हमे द्वापर युग पर जाकर भगवान श्री कृष्ण जी के गुरू ऋषि संदीपनी के नाम पर शिक्षा का सर्वोत्तम संस्थान का नाम सांदीपनी गुरुकुल नाम करण करने में पुनः निर्णय लेना चाहिए।

### 17 वर्षीय नाबालिग से शारिरीक संबंध बनने वाला आरोपी पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। दिनांक 02/05/2025 को प्रार्थीया कुमारी उम्र 17 साल की अपने मां, नाना, नानी के साथ थाना उपस्थित आकर एक लिखित शिकायत आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई की ग्राम कहानी का अनुज कुशवाहा पीछले तीन वर्षों से इसकी इच्छा के विरूध्द कहानी एंव अन्य स्थानो पर शारिरीक संबंध बनाया और किसी को बताने पर विडियो वायरल करने की धमकी दिया और शारिरीक संबंध बनाने का अश्लील विडियो वायर कर दिया है। कि रिपोर्ट पर आरोपी अनुज कुशवाहा के विरूध्द धारा- 64, 64(2) (m), 65(1), 351(2) बी.एन.एस., 67 आईटी एक्ट, 3, 4, 5(1), 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी अनुज कुशवाहा को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किये गये जो माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिये है।

# कान्हीवाड़ा पुलिस ने जुआं फड़ पर मारी रेड, छःधराए, चार फरार

**जुआ खेलने खिलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी कान्हीवाड़ा निरीक्षक प्रीतम सिंह तिलगाम के द्वारा हमराह स्टाफ उनि, बलवंत सिंह तेकाम, सउनि जगमोहन अधिकार, प्र.आर. अम्बरीश शुक्ला, आर. शिवकुमार करपे, आर. सुरेश चौहान, आर. धर्मेन्द्र धुर्वे, आर. संतोष साहू, आर. हिमान्चल बड़गैया, आर. सोनू उड़के के ग्राम भुरकुंडी थाना कान्हीवाड़ा क्षेत्र में चल रहे जुआ फड़ को घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिसमें आरोपी प्रवीण अवधवाल, मोहित रजक, मजीउज्जमा उर्फ भैया पटरी, दिनेश उर्फ बड्डू देशमुख (पटले), राजेश मरकाम, सुदेश वर्मा को मौके पर रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ा गया जिनके पास से 52 ताश के पत्ते, एक बैटरी मय एलईडी लाईट के कीमती 4000/- रूपये, एक पीले रंग की तिरपाल कीमती 1,500/- रूपये, फड़ व पास से कुल जुमला 83,000/- रूपये, 07 नग मोबाईल कीमती 98,000/- रूपये एवं एक हुंडई क्रेटा कार कीमती 16,00,000/- रूपये कुल जुमला



राशि 17,86,500/- रूपये मौके से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये तथा आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपीगणः मौके के आरोपी - (1) प्रवीण अवधवाल पिता प्रेमदयाल अवघवाल उम्र 40 वर्ष निवासी इंद्रा चौक भोमा थाना कान्हीवाड़ा (2) मोहित पिता रविशंकर रजक उम्र 27 वर्ष निवासी शंकर मडिया मोहल्ला भोमा थाना कान्हीवाड़ा (3) मसीउज्जमा उर्फ भैया पटरी पिता नजमू जमा खान उम्र 47 वर्ष निवासी डोरली छतरपुर जगदंबा सिटी थाना डूंडासिवनी (4) दिनेश उर्फ बड्डू पिता लोकमन देशमुख (पटले) उम्र 47 वर्ष निवासी माहुलझिर थाना कान्हीवाड़ा (5) राजेश मरकाम पिता रामसिंह मरकाम उम्र 34 वर्ष निवासी उड़ेपानी रोड़ बंजारी थाना डूंडासिवनी (6) सुदेश वर्मा पिता राजकुमार वर्मा उम्र 47 वर्ष निवासी रानी दुर्गावती गंज वार्ड सिवनी थाना कोतवाली सिवनी

### फरार आरोपी

संतकुमार उर्फ नान्हू सराठे पिता हजारीलाल सराठे निवासी सालीवाड़ा थाना कान्हीवाड़ा हाल पता विमलानगर भोमा थाना कान्हीवाड़ा (2) इरफान खान निवासी रॉयल ढाबा भोमा थाना कान्हीवाड़ा (3) इरफान खान निवासी सालीवाड़ा थाना कान्हीवाड़ा (4) सत्यम धावड़े निवासी भोमा थाना कान्हीवाड़ा जप्त मशरूका 52 ताश के पत्ते, एक बैटरी मय एलईडी लाईट के कीमती 4000/- रूपये, एक पीले रंग की तिरपाल कीमती 1,500/- रूपये, फड़ व पास से कुल जुमला 83,000/- रूपये, 07 नग मोबाईल कीमती 98,000/- रूपये एवं एक हुंडई क्रेटा कार कीमती 16,00,000/- रूपये कुल जुमला राशि 17,86,500/- रूपये।

# माँ बैनगंगा उत्सव और ब्रह्मलीन श्री सरयूगिरी महाराज प्रतिमा अनावरण समारोह संपन्न

## मौनी दादा आश्रम बना श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म का अलौकिक संगम स्थल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के खैरापलारी के समीप माँ बैनगंगा की पावन धारा के तट पर स्थित मौनी दादा आश्रम देवघाट में गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर 2 व 3 मई को आयोजित माँ बैनगंगा महोत्सव एवं ब्रह्मलीन परमहंस श्री सरयूगिरी महाराज की प्रतिमा अनावरण समारोह धार्मिक भव्यता, श्रद्धा और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय इस महाआयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य अर्जित किया और आश्रम परिसर धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता की अद्भुत छटा में डूबा नजर आया।

### गंगा सप्तमी पर भव्य प्रतिमा अनावरण बना ऐतिहासिक क्षण

गंगा सप्तमी के पावन पर्व पर ब्रह्मलीन श्री सरयूगिरी महाराज की भव्य प्रतिमा का विधिपूर्वक अनावरण किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावविभोर करने वाला क्षण रहा। संत-महात्माओं की उपस्थिति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस अनावरण को भक्तों ने आध्यात्मिक सौभाग्य का पर्व माना।



### शोभायात्रा, पूजन, दीपमालिका व प्रवचनों से सजा

देवघाट आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति भाव से शामिल हुईं। नगर भ्रमण के दौरान निकली शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और भजन-कीर्तन की ध्वनि से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

आयोजन के दूसरे दिन वैदिक पूजन, हवन, सुवर्णदान एवं विशाल भंडारे ने धार्मिक महत्व को और बढ़ाया। संध्या समय दीपमालिका और रंगबिरंगी आतिशबाजी ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया। संतों के आध्यात्मिक प्रवचनों में धर्म, सेवा और समाज के प्रति कर्तव्यों पर गूढ़ विचार रखे गए, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

### महाप्रसादी वितरण व आरती में उमड़ा भक्तों का सैलाब

आयोजन के अंतिम चरण में आयोजित महाआरती और विशाल भंडारा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों दीपों की ज्योति और आरती के समवेत स्वर ने समूचे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। रात्रि में हुए महाप्रसाद वितरण में सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता की।

### व्यवस्था और सेवा की मिसाल बना आयोजन

श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति को देखते हुए मौनी दादा भक्त मंडल द्वारा सभी व्यवस्थाओं का सुचारू प्रबंधन किया गया। पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजामों से किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा।

### मौनी बाबा भक्त मंडल ने जताया आभार

आयोजन की सफलता पर मौनी दादा भक्त मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों, सहयोगियों एवं प्रशासनिक अमले का आभार जताया।

### कथा श्रवण से देवी की महिमा व शक्ति के बारे में मिलती है जानकारी : आचार्य हितेन्द्र पाण्डेय

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्यों का उदय होने पर ही श्रीमद् देवी भागवत जैसी भगवान की दिव्य कथा श्रवण का सौभाग्य मिलता है। भागवत रूपी गंगा की धारा पवित्र और निर्मल है, जो पापियों को भी तार देती है। उक्ताशय की बात आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी काशी (मातृधाम) ने विकासखंड केवलारी के गांव पांजरा खेरमाई मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् देवी भागवत पुराण में रविवार को कहीं। उन्होंने आगे कहा कि जिन-जिन लोगों ने गुरु मंत्र नहीं लिया है वे अगर श्री राम का नाम जाप करें तो यह महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम महामंत्र बन जाता है। यह ऐसा महामंत्र है कि इसे उठते-बैठते, आते-जाते जाप किया जा सकता है। मंत्र के जब से भगवान की कृपा बनी रहती है। इससे उसे व्यक्ति के पाप भी नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि देवी कथा का महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक है, क्योंकि यह हमें देवी की महिमा और शक्ति के बारे में जानकारी देती है और हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि सनकादिक ऋषियों ने सर्वप्रथम हरिद्वार में ही सप्तऋषि क्षेत्र में गंगा तट पर श्रीमद देवी भागवत कथा का वाचन किया था। कथा विश्राम एवं हवन प्रसाद भण्डारा सोमवार 5 मई को होगा।

### सिवनी नगर गौरव पूज्य आर्यिका रत्न श्री विदितश्री माता जी का मनाया गया दीक्षा संयम दिवस

# इंदौर सुमति धाम में पट्टाचार्य महोत्सव में सम्मिलित हुई सिवनी गौरव पूज्य आर्यिका विदित श्री माताजी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी वर्ष 2003 में पूज्य आचार्य श्री विरागसागर महाराज की सुशिष्या आर्यिका श्री विशिष्ट श्री माताजी के चातुर्मास के दौरान पूज्य माताजी की साधना एवं वात्सल्यता का अभूतपूर्व प्रभाव नगर में जन्मी स्वर्गीय श्री जय कुमार दिवाकर श्रीमती साधना दिवाकर की ज्येष्ठ सुपुत्री रिंकी के जीवन पर ऐसा पड़ा कि इस कन्या का सारा जीवन ही परिवर्तित हो गया

और अब तक गृहस्थ जीवन में रहने वाली कन्या वैराग्य मार्ग की ओर बढ़ चली और इसी क्रम को बढ़ाते हुए रिंकी ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण कर लिया। कालांतर मे यही कन्या पूज्य आर्यिका विदित श्री माता जी के नाम से सिवनी नगर की



अनुपम पहचान बनी । लगभग 5 वर्ष पूज्य आर्यिका संघ में रहकर ब्रह्मचर्य व्रत की साधना के पश्चात वर्ष 2010 में झीलों की नगरी उदयपुर राजस्थान में पूज्य आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के करकमलों से 11प्रतिमा के व्रत आत्मसात कर ब्रह्मचारिणी रिंकी ने क्षुल्लिका दीक्षा ग्रहण की इसके 2 वर्ष उपरांत ही वर्ष 2012 में गुलाबी नगरी जयपुर में पूज्य आचार्य श्री ने उन्हें आर्यिका दीक्षा देकर नारी सन्यास के सर्वोच्च पद पर दीक्षित कर कृतार्थ किया।

### कुड़वा के ग्रामीणों में आक्रोश बरकरार

# एक दिन बाद भी नहीं पहुंची रेस्क्यू टीम, कॉलोनी और नहर के ईद-गिर्द घूम रहा बाघ

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी (सामान्य) के गोरेघाट सर्किल के ग्राम कुड़वा में 03 मई की सुबह हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने 53 वर्षीय प्रकाश पाने नामक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया. प्रकाश पाने अपने घर से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने खेत में जंगली सूअरों से फसलों की रखवाली करने के लिए गए हुए थे. जहां बाघ ने उनका शिकार कर लिया. इस घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई और वन विभाग सहित पुलिस को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा. नौबत यहां तक आ गई थी कि गुस्साई भीड़ कुड़वा बीट में तैनात बीट गार्ड गुलाब सिंह उइके की जान तक लेने के लिए आमादा हो चुकी थी. हालांकि पुलिस, क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी की सूझबूझ से किसी तरह मामला शांत हुआ है और बीट गार्ड को सुरक्षित बचा लिया गया. वहीं घटना स्थल पर ही मृतक का पीएम किया गया. इंसानी शिकार की इस घटना के बाद ग्रामीण वन्य प्राणी बाघ का रेस्क्यू करने की मांग करने लगे. लेकिन घटना के 24 घंटे बाद भी रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंच पाई है. रविवार की शाम खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू टीम नहीं पहुंची थी. जबकि वन्य प्राणी बाघ को कुड़वा कॉलोनी के खंडहर हो चुके कमरों और नहर के ईद-गिर्द घूमते हुए ड्रोन में कैद किया गया. इंसानी शिकार की इस घटना पर प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने भी दुख प्रकट किया है लेकिन उनके दुख प्रकट करने मात्र से लोगों का डर समाप्त नहीं होने वाला. सरकार को चाहिए कि वनों से घिरे बालाघाट जिले के वन अमले को तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाएं जिससे जिला अब तक जूझ रहा है ताकि वन्य प्राणी और इंसान दोनों ही जान की सुरक्षा तय हो पाए।



#### कागजों में अटकी रेस्क्यू टीम

बताया जा रहा है कि बाघ के बचाव के लिए सिवनी पेंच रिजर्व टाइगर से रेस्क्यू टीम को कुड़वा आना है. जिसके लिए वनवृत बालाघाट के वरिष्ट अधिकारी ने अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक भोपाल को 03 मई को ही पत्र लिख दिया है. किंतु कागजी प्रक्रिया में उलझी रेस्क्यू टीम रविवार को शाम तक कुड़वा नहीं पहुंच पाई थी. जबकि कुड़वा और सिवनी पेंच रिजर्व टाइगर की दूरी महज 100 किमी. की है. वैसे तो समय इतना अधिक आधुनिक है कि एक क्लिक में सैकड़ों पन्नों को यहां से वहां भेजा जा सकता है. किंतु रेस्क्यू टीम को कुड़वा भेजे जाने की कार्रवाई कागजों में अटकी है. ऐसे में कुड़वा सहित आस-पास के गांवों के लोगों में भयंकर आक्रोश दिखाई दे रहा है. अगर, रेस्क्यू से पहले वन्य प्राणी बाघ के हमले की दूसरी घटना होती है तो इसका खामियाजा वन विभाग को भुगतना पड़ सकता है. दरअसल, बीते दिनों बड़पानी में वन्य प्राणी तेदूंए की मौत के बाद वन विभाग ने बाघ की हत्या करने वाले आरोपियों की तलाश में सख्ती दिखाई दी. इस सख्ती का गांव के कई लोगों ने विरोध किया था. अब जब वन्य प्राणी बाघ ने एक आदमी का शिकार किया है तो कुछ लोग इस घटना के जरिए बड़पानी की पूछताछ का प्रतिशोध लेने की पूरी तैयारी में है।

#### ट्रेंकुलाइज करना इतना आसान नहीं

वन्य प्राणी बाघ ने कुड़वा कॉलोनी के खंडहर हो चुके कमरों को अपना ठिकाना बना लिया है. वन विभाग के कर्मचारी उसे वहां से बेहद आसानी से वहां खदेड़ भी नहीं सकते एक तरह नहर और दूसरी तरह आबादी है. विभाग ने यहां एक पिंजरा भी लगा कर रखा है. मगर, पिंजरे में बाघ के कैद होने की गुंजाइश लगभग ना के बराबर है. यहां बाघ को ट्रेंकुलाइज करना भी इतना आसान नहीं है और ना ही वन विभाग का मैदानी अमला बाघ को यहां से निकाल सकता है. रेस्क्यू टीम करीब 03 हाथियों की मदद से ही बाघ को गांव से बाहर निकाल सकती है. फिलहाल इस विपरित परिस्थित से निपटने के लिए ग्रामीणों को भी वन विभाग को सहयोग करना पड़ेगा।

## जिले के 8 परीक्षा केंद्रों पर 2898 विद्यार्थी शामिल हुए नीट परीक्षा में



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रविवार दोपहर 2 बजे से नीट परीक्षा शुरू हो गई। जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में 2973 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा शाम 5 बजे तक चलेगी।

परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश से पहले पुलिस जांच से गुजरना पड़ा। जांच के बाद ही उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी गई। परीक्षा केंद्रों में सीएम राइज बालाघाट, पीएमश्री बालाघाट, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी और शासकीय एक्सीलेंस बालाघाट शामिल हैं।

इसके अलावा कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, पीजी कॉलेज बालाघाट, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और एमएलबी बालाघाट को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

#### इन्होंने संभाली जिम्मेदारी

कंट्रोल रूम में एडीएम जीएस धुर्वे, डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक और अधीक्षक एसके बनवाले को नियुक्त किया गया है। साथ ही सहायक ग्रेड कर्मी केके सोनवाने, सौरभ गनवीर और राजेन्द्र मस्करे भी कंट्रोल रूम में तैनात किए गए हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में 3 तालाबों पर हुआ श्रमदान और संरक्षण का कार्य

**हरिभूमि न्यूज बाालघाट।** जल गंगा संवर्धन अभियान इस मकसद के साथ प्रारम्भ हुआ कि पहले से बने जल स्त्रोतों का समुचित रखरखाव हो और उनमें पर्याप्त जल का संरक्षण किया जाए। साथ ही कुछ ऐसे जल स्त्रोत बनाएं जाएं, जो बहते जल और बारिश की बूंदों को जमीन में उड़ेल सकें। इन्ही प्रयासों के साथ बालाघाट में भी जल गंगा संवर्धन अभियान लगातार चल रहा है। अभी तक मलाजखण्ड नगर परिषद द्वारा नगर के 9 तालाबों में से 3 तालाबों का श्रमदान के साथ सौंदर्यीकरण का उल्लेखनीय कार्य किया है। नगर परिषद सीएमओ श्री दिनेश बाघमारे ने बताया कि नगर के सड़क तालाब, गंगरिया और बेल तालाब का अब तक संवर्धन की दिशा में अच्छा काम हुआ है। श्रमदान प्रारम्भ करने से पूर्व तालाब के साथ पास और भीतर भी गंदगी पसरी थी। श्रमदान में पानी की बोतलें, पॉलीथिन और तरह तरह का कचरा भरा पड़ा था। श्रमदान करके कचरा तो साफ किया ही। साथ ही यहां बने घाट और तालाब की सीमाओं पर रंगरोगन किया गया। साथ ही पीचिंग कार्य को व्यवस्थित किया गया।



## वैनगंगा नदी के बजरंग घाट पर नहाने के दौरान 17 वर्षीय बालक डूबा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में वैनगंगा नदी के बजरंग घाट पर नहाने के दौरान 17 वर्षीय किशोर विशाल गायधने डूब गया। घटना दोपहर 4 बजे की है। विशाल वार्ड क्रमांक 8 का रहने वाला था और उसके पिता प्रकाश गायधने सब्जी का व्यवसाय करते हैं।

विशाल दोपहर तक पिता की दुकान पर था। वहां से घर जाने की बात कहकर निकला। उसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ नहाने पहुंच गया। विशाल के साथ 8 और नाबालिग बच्चे भी नहाने आए थे। नहाते समय विशाल गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

विशाल के साथ कैफ खान, शुभम कुशराम, रौनक चौधरी, दीपक ठाकरे, सौरभ सौरले, अजमल खान, कोस्ते निवासी यश सहारे और सुरभी नगर के मयूर गढ़पाले मौजूद थे। सभी बच्चों की उम्र 12 से 14 वर्ष के बीच है। बच्चों ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने पुलिस को सूचित किया।

कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि एसडीईआरएफ की टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है। रेस्क्यू अभियान में देरी के कारण तलाशी शाम के बाद शुरू की गई। अभी तक विशाल का कोई पता नहीं चल सका है।



### 8 दिनों से पेयजल संकट झेल रहे वार्डवासी

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में वैनगंगा नदी के किनारे स्थित वार्ड नंबर 11 और 12 के निवासी पिछले 8 दिनों से पेयजल संकट झेल रहे हैं। नलों में पानी का प्रेशर बेहद कम है। 38 करोड़ रुपये की नल-जल योजना लागू होने के बाद भी नगरवासियों को दिन में दो बार पानी नहीं मिल पा रहा है। वार्डवासी शंभूनाथ मारवे के मुताबिक गर्मी के मौसम में उन्हें मात्र दो बाल्टी पानी मिल रहा है। नगरपालिका को कई बार शिकायत की गई। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।स्थानीय निवासी सीमा उपलपवार ने बताया कि पुरानी पाइपलाइन बंद होने से समस्या और बढ़ गई है। सत्तापक्ष की पार्षद सरिता सोनेकर ने कहा कि वार्ड के किसी भी मोहल्ले में पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। सत्ता पक्ष की पार्षद होने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जलप्रदाय शाखा के प्रभारी भुमेश्वर शिव ने शिकायतों का संज्ञान लिया है। उन्होंने निरीक्षण कर अगले दो-तीन दिनों में स्थिति में सुधार का आश्वासन दिया है।

## मुस्कान व लक्ष्य कार्यक्रम का एन्क्वास राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक दल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक दल ने शनिवार को जिला चिकित्सालय व मुस्कान एवं लक्ष्य कार्यक्रम का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के अंतर्गत सघन निरीक्षण किया। दल में नेशनल असेसर डॉ.रेणु भाईना हरियाणा (एनएचआरसी सलाहकार), डॉ.शिशिर नस्कर पश्चिम बंगाल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बंगूर तथा डॉ.गोपाल शंकर राव कदम सिविल सर्जन जिला चिकत्सालय हिंगोली (महाराष्ट्र) शामिल थे। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय सहित दोनों ही राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संचालन की गुणवत्ता प्रमाणित होने पर भारत सरकार द्वारा 50 लाख रूपए की राशि संस्था को निरंतर 3 वर्ष तक उपलब्ध कराई जाएगी। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय सहित उप स्वास्थ्य केन्द्रों को सर्टिफाइड किया जाना है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य कार्यक्रम एक गुणवत्ता सुधार पहल है। जो सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव कक्ष और प्रसूति ऑपरेशन थियेटर में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शुरू की गई है। यह कार्यकम भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा संचालित किया जाता है। मुस्कान कार्यक्रम 12 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए भारत सरकार ने मुस्कान पहल की शुरूआत की है। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने बताया है कि भारत सरकार नवजात शिशुओ की देखभाल, गुणवत्ता, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की गुणवत्ता बाल रोगों और मृत्यु दर को कम किया जाना प्रमुख लक्ष्य है।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन तथा सीएमएचओ डॉ.उपलप, सिविल सर्जन डॉ.नीलय जैन वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ.मनोज पाण्डेय के दिशा में जिला क्वॉलिटी टीम द्वारा व्यापक के मार्गदर्शन तैयारियां की गई थी। राष्ट्रीय दल में शामिल डॉ.भाइना द्वारा लेबर रूम, इन पेसेंट डिपार्टमेंट, सर्जिकल ओटी, पोस्टपार्टम यूनिट, एनआरसी का सघन निरीक्षण किया गया। डॉ.शिशिर नस्कर द्वारा ब्लड बैंक, रेडियोलॉजी, ओपीडी, फार्मेसी, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन तथा डॉ.गोपाल शंकर राव कदम द्वारा पीड्रियॉटिक ओपीडी, पीपी वार्ड, मेटरनिटी ओटी, एसएनसीयू, मेटरनिटी वार्ड,ब्लड बैंक का सघन एवं सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। जिला चिकित्सालय,मुस्कान तथा लक्ष्य कार्यक्रम के लिए प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ.संदीप यादव, मिशन संचालक सलोनी सिडॉना, उप संचालक उप डॉ प्रमोद गोयल संचालक एनक्यूएएस, वरिष्ठ संयुक्त संचालक मातृत्व स्वास्थ्य डॉ.अर्चना मिश्रा द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए थे।

### जिले के 8 परीक्षा केंद्रों पर 2898 विद्यार्थी शामिल हुए नीट परीक्षा में

**बालाघाट।** रविवार को बालाघाट नगर के 8 परीक्षा केंद्रों पर मेडिकल व डेंटल क्षेत्र में प्रवेश की प्रतिष्टित परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा प्रभारी श्री राहुल नायक ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और निर्देशानुसार आयोजित हुई। परीक्षा के लिए 8 परीक्षा केंद्रों में सीएम राइज बालाघाट, पीएम श्री बालाघाट, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी, शासकीय एक्सीलेंस बालाघाट, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, पीजी कॉलेज बालाघाट, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं एमएलबी बालाघाट पर हुई। परीक्षा में 2973 विद्यार्थियों में 2898 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 75 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत छात्राओं ने अस्पताल का किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को नवीन व्यवसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत हेल्थ केयर विषय के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी का निरीक्षण करवाया गया. रविवार की शाम 05 बजे स्कूल ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि समग्र शिक्षा अपर परियोजना संचालक के निर्देश पर सत्र 2024-25 में व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेड जॉब रोल कक्षा 12 वीं में संचालित कर रहे है. प्राचार्य एस.पी.डहरवाल के मार्गदर्शन में संस्था की छात्राओं को 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग दी जा रही है. स्कूल में हेल्थ केयर वैशाली ठाकुर के नेतृत्व में छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. इसी कड़ी में 12 कक्षा की छात्राओं को सरकारी अस्पताल कटंगी का भ्रमण करवाया गया. जहां छात्राओं ने मरीजों की देखभाल से लेकर अस्पताल की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की. छात्राओं ने टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, मासिक धर्म सुरक्षा आदि के बारे में भी जानकारी जुटाई. इसके बाद उन्होंने पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे रूम का भ्रमण किया. अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों ने छात्राओं को अस्पताल से जुड़ी तमाम बुनियादी बातों की जानकारी दी।

### हजरत पीर बाबा चिश्ती का वार्षिक उर्स का आयोजन

**बालाघाट।** जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्राम भरवेली में वार्ड नं. 10 स्थित हजरत सैयद मीर बाबा चिश्ती रहमतुल्ला अलैह का 44वां वार्षिक उर्स 6 से 8 मई के मध्य मनाया जायेगा। जिसमें विविध आयोजन सम्पन्न होगे। इसी के अंतर्गत जो भी मुस्लिम हजरात अपने बच्चों की खतना कराना चाहते है वह आयोजन समिति के पदाधिकारी से संपर्क कर संपूर्ण विवरण प्राप्त कर सकते है। आयोजन समिति के अध्यक्ष शहजाद खान, उपाध्यक्ष सोहेल खान बिट्टू, सचिव अरशद खान, कोषाध्यक्ष शाहरूख खान, समीर खान प्रमुख सहयोग लियाकत अली, इमरान खान, एवं नसीम मूसा। 6 मई को शाही संदल का आयोजन किया जायेगा साथ ही लंगर-ए-आम का भी इंतजाम है। 8 मई गुरूवार को भरवेली के रामू शादी हाल में खतनों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें समिति की ओर संपूर्ण मेडिकल सुविधायें प्रदान की जायेगी एवं बाहर से आने वालों के लिये खाने की व्यवस्था रहेगी। डॉ. शकील खान के मार्गदर्शन में यह आयोजन सम्पन्न होगा। आयोजन समिति से अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने का आव्हान किया है।

### ओंकारेश्वर में वारासिवनी के शुभम शर्मा हुए सम्मानित

**वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के सेवानिवृत्त कर्मचारी राजकुमार शर्मा के सुपुत्र, कांग्रेस कीयुवा नेत्री चॉदनी शर्मा के भाई और युवा विधि छात्र शुभम शर्मा को मध्यप्रदेश सरकार के मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा आयोजित अद्वैत वेदांत युवा जागरण शिविर ओंकारेश्वर में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए शंकरदूत अद्वैत एम्बेसेडर की उपाधि से सम्मानित किया गया हैं।



इस शिविर का आयोजन ओंकारेश्वर स्थित एकात्मधाम में किया गया था। जिसमें भगवान आदि शंकराचार्य द्वारा रचित ग्रंथ तत्त्व बोध का गहन अध्ययन कराया गया। इस शिविर 10 दिवसीय के उपरांत आयोजित 5 दिवसीय एकात्म पर्व के समापन समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं जूनापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि की अध्यक्षता में शुभम शर्मा को शंकरदूत अद्वैत एम्बेसडर की उपाधि से अलंकृत किया गया।

गौरतलब है कि शुभम शर्मा ने पिछले वर्ष भी केरल के वेलियानाड स्थित चिन्मय इंटरनेशनल फाउंडेशन में आयोजित अद्वैत जागरण युवा शिविर में भाग लिया था। जहाँ उन्होंने आदि शंकराचार्य द्वारा विरचित प्रकरण ग्रन्थ का अध्ययन किया था। उनके इस निरंतर अध्ययन और वैदिक संस्कृति के प्रति समर्पण को देखते हुए यह सम्मान उनके लिए अत्यंत सार्थक है।

शुभम की इस उपलब्धि पर वारासिवनी सहित बालाघाट जिले में हर्ष की लहर व्याप्त है।

## मोतियों की माला की तरह बनाए गए थे तालाब, तालाबों की नगरी लाँजी अब खो रही अपनी पहचान

*अतिक्रमण से ढाई एकड़ का कदम तालाब सिमटा एक एकड़ में*

हरिभूमि न्यूज लांजी ।



धर्म नगरी लांजी जो की तालाबों के नाम से प्रसिद्ध मानी जाती है परंतु प्रशासनिक व्यवस्था की कमजोरी से लांजी नगर के तालाब विलुप्त के और नजर आ रहे हैं जिस पर शासन प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। ऐसा ही एक तालाब जो की लांजी नगर के वार्ड नंबर इस 10 में स्थित है जिस तालाब का नाम कदम तालाब के नाम से जाना जाता है जो कि अपने अस्तित्व के आंसू बहा रहा है। और यह कदम तालाब लांजी नगर में करीब सौ साल पुराना तालाब बताया जा रहा है जो की अतिक्रमण के चलते अपना अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। तलाब का अस्तित्व समाप्त करने में वार्ड के ही कई लोग लगे हुए हैं। अपने निजी स्वार्थ व लाभ के चलते तालाब पर अतिक्रमण कर लिए हैं। जिससे तालाब का क्षेत्रफल सिमट रहा है। जानकारी अनुसार बताया गया कि लगभग ढाई एकड़ क्षेत्रफल का तालाब वर्तमान समय में सिमट कर केवल एक एकड़ में हो गया है। यह सभी प्रशासन की लापरवाही के कारण हो रहा है।तालाब के किनारे चारों तरफ लोगों द्वारा मकान या पशु को रखने के लिए शेड बना दिया गया है। जिसके चलते बारिश का पानी तालाब में काम ही जा पाता है। गांव के कुछ वृद्ध लोगों ने बताया की जब हम लोग छोटे थे तो पीने के लिए पानी इसी तालाब से लाया जाता था। उस समय तालाब का पानी पूर्ण रूप से साफ रहता था। घर के सभी जरूरी कार्य तालाब के पानी से किए जा रहे थे। आज के समय में उसी तालाब में पानी बदबू दे रहा हैं। जो बेजुबान जानवरों के पीने लायक भी नहीं है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले भविष्य में जल संकट का कारण हम ही लोग होंगे। मछुआरों का कहना है कि इस कदम तालाब को नगर परिषद द्वारा अतिक्रमणमुक्त कर दिया जाए तो बहुत अच्छा होगा, क्योंकि यह नगर का एक पुराना तालाब है। इसका अतिक्रमण करना ठीक नहीं है। इसके अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। इस कदम तालाब की सफाई भी होनी चाहिए, तभी जानवर, पक्षी स्वच्छ पानी पी सकेंगे। गांव में भी जल स्तर सामान्य रखने में इस तालाब की महत्वपूर्ण भूमिका होती थी। लेकिन अतिक्रमण के कारण बारिश के पानी का संचय नहीं हो पा रहा है। इससे गांव में पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है।

#### इनका कहना हैं

लाँजी नगर में जितने भी तलाब हैं अतिक्रमण या अन्य कारणों के चलते उसका अस्तित्व समाप्त हो रहे हैं उसकी सूची तैयार कर ली गई है। सूची तैयार कर लाँजी तहसीलदार श्री हिम्मत सिंह भवेदी के समछ भिजवा दिया गया हैं। वंही सभी तालाबों के सीमांकन हेतु तहसीदार महोदय के द्वारा टीम भी गठित कर दिया गया हैं।सीमांकन के बाद अगर अतिक्रमण पाया जाता हैं तो तालबों को हमारे द्वारा अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा।

**बी,एल लिल्हारे**
**नगर परिषद सीएमओ**